एसकेआरएयू में अब आनलाईन होंगे विद्यार्थियों के परीक्षा संबंधी कार्य

कुलगुरु ने लॉन्च किया ऑनलाइन एग्जामिनेशन मैनेजमेंट सिस्टम



कामयाब कलम रिपोर्टर।

लूणकरणसर। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अब परीक्षा फार्म भरने से लेकर, शुल्क जमा करवाने , प्रवेश पत्र डाउनलोड करने तथा परिणाम देखने के लिए ऐप तथा पोर्टल का उपयोग कर सकेंगे। विश्वविद्यालय द्वारा इसके लिए ऑनलाइन एग्जामिनेशन मैनेजमेंट सिस्टम डेवलप किया गया है। इसके तहत विकसित किए गए ऐप तथा वेब पोर्टल को कुलगुरु प्रो. आर. बी. दुबे ने बुधवार को लॉन्च किया। कुलगुरु ने बताया कि इस सिस्टम को वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2026-27 से ही विश्वविद्यालय के सभी संघटक एवं सम्बद्ध कृषि एवं सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए लागू किया जा रहा है। इससे परीक्षा प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी, समयबद्ध एवं प्रभावी बनेगी।डॉ. दुबे ने कहा कि डिजिटल तकनीक का उपयोग विश्वविद्यालय की प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने एवं परीक्षा व्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने सभी संघटक महाविद्यालयों, के कार्मिकों से नई व्यवस्था का प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह सिस्टम विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित रहे इसके लिए अतिरिक्त सतर्कता से कार्य करें। परीक्षा ने नियंत्रक डॉ वी एस आचार्य ने बताया कि इस प्रणाली में विद्यार्थियों को परीक्षा आवेदन, परीक्षा शुल्क जमा करने, प्रवेश पत्र डाउनलोड करने तथा परीक्षा परिणाम सहित विभिन्न परीक्षा संबंधी कार्य ऑनलाइन करने की सुविधा मिलेगी। इससे परीक्षा परिणाम में भी अनावश्यक देरी नहीं होगी और विद्यार्थियों को डिजि लॉकर जैसी सुविधाओं का लाभ मिलेगा। पुनर्मूल्यांकन के लिए भी इस ऐप के माध्यम से आवेदन किया जा सकेगा। डॉ आचार्य ने बताया कि अब विद्यार्थियों को बार-बार फॉर्म भरने की आवश्यकता नहीं होगी तथा मोबाइल ऐप के माध्यम से प्रदेश में किसी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा पहली बार यह सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। इस अवसर पर फैकल्टी चेयरमैन कृषि डॉ. विजय प्रकाश, फैकल्टी चेयरमैन सामुदायिक विज्ञान डॉ. वीर सिंह, डीन डॉ. राजेश वर्मा, निदेशक छात्र कल्याण डॉ. एच. एल. देशवाल तथा नियंत्रक परीक्षा डॉ. वी. एस. आचार्य उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के सभी संघटक एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के डीन एवं प्राचार्य ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े। कार्यक्रम के दौरान नियंत्रक परीक्षा कार्यालय की टीम द्वारा सभी महाविद्यालयों के डीन, प्राचार्यों एवं नामित तकनीकी अधिकारियों को पोर्टल एवं मोबाइल ऐप के संचालन तथा विभिन्न मॉड्यूल पर कार्य करने की विस्तृत जानकारी देते हुए प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सहायक नियंत्रक परीक्षा डॉ. अर्जुन लाल यादव ने आभार व्यक्त किया।

कृषि विश्वविद्यालय कुलगुरु ने विद्यार्थियों से किया संवाद



कामयाब कलम रिपोर्टर।

बीकानेर। कृषि महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के कृषि स्नातक प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गुरुवार को कुलगुरु डॉ राजेंद्र बाबू दुबे ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें कड़ी मेहनत करते हुए जीवन के लक्ष्य, निर्धारित करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि रैगिंग से दूर रहें, गुरुजनों का सम्मान करें तथा कृषि क्षेत्र में नवाचार और तकनीक से रुबरु रहते हुए रोजगार सृजन करने वाले उद्यमी बनें। महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं संकाय अध्यक्ष डॉ. विजय प्रकाश ने बताया कि 17 से 23 नवंबर तक दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने महाविद्यालय की शैक्षणिक, अनुसंधान एवं विस्तार गतिविधियों की जानकारी दी। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एच.एल. देशवाल ने विद्यार्थियों को खेलकूद, सांस्कृतिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। सहायक छात्र कल्याण निदेशक डॉ. के.सी. बैरवा ने आभार व्यक्त किया।

कृषि शिक्षा के प्रति विद्यार्थियों का रुझान, 132 में से 124 सीटों पर प्रवेश

बीकानेर | कृषि शिक्षा के प्रति विद्यार्थियों के रुझान के बीच कृषि महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कृषि स्नातक प्रथम वर्ष की 132 सीटों में से 124 पर अभ्यर्थियों ने प्रवेश लिया है। नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था और गतिविधियों से परिचित करवाने के लिए 17 से 23 नवंबर तक दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत गुरुवार को कुलगुरु डॉ. राजेंद्र बाबू दुबे ने विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि कृषि का क्षेत्र संभावनाओं से भरा है। विद्यार्थी आधुनिक तकनीक और नवाचार को अपनाकर रोजगार तलाशने के बजाय रोजगार देने वाले उद्यमी बनें। महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं संकाय अध्यक्ष डॉ. विजय प्रकाश ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक, अनुसंधान एवं विस्तार गतिविधियों की जानकारी दी। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एच.एल. देशवाल ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलकूद, सांस्कृतिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



कृषि महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह आयोजित

बीकानेर @ पत्रिका. कृषि महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के कृषि स्नातक प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुलगुरु डॉ. राजेंद्र बाबू दुबे ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें कड़ी मेहनत करते हुए जीवन के लक्ष्य, निर्धारित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रैगिंग से दूर रहें, गुरुजनों का सम्मान करें तथा कृषि क्षेत्र में नवाचार और तकनीक से रुबरु रहते हुए रोजगार सृजन करने वाले उद्यमी बनें। अधिष्ठाता एवं संकाय अध्यक्ष डॉ. विजय प्रकाश ने बताया कि 23 नवंबर तक दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

कृषि महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह आयोजित
कुलगुरु ने किया विद्यार्थियों से संवाद

बीकानेर, (निसं)। कृषि महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के कृषि स्नातक प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गुरुवार को कुलगुरु डॉ राजेंद्र बाबू दुबे ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें कड़ी मेहनत करते हुए जीवन के लक्ष्य, निर्धारित करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि रैगिंग से दूर रहें, गुरुजनों का सम्मान करें तथा कृषि क्षेत्र में नवाचार और तकनीक से रुबरु रहते हुए रोजगार सृजन करने वाले उद्यमी बनें। महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं संकाय अध्यक्ष डॉ. विजय प्रकाश ने बताया कि 17 से 23 नवंबर तक दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।



उन्होंने महाविद्यालय की शैक्षणिक, अनुसंधान एवं विस्तार गतिविधियों की जानकारी दी। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एच.एल. देशवाल ने विद्यार्थियों को खेलकूद, सांस्कृतिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। सहायक छात्र कल्याण निदेशक डॉ. के.सी. बैरवा ने आभार व्यक्त किया।

परीक्षा आवेदन से परिणाम तक, अब हर सुविधा मोबाइल पर



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कुलगुरु व अन्य।

कृषि विवि ने लॉन्च किया ऑनलाइन एग्जामिनेशन मैनेजमेंट सिस्टम

बीकानेर @ पत्रिका. परीक्षा आवेदन करना हो, फीस जमा करनी हो या प्रवेश पत्र और परिणाम देखना हो, स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को अब इन कामों के लिए अलग-अलग प्रक्रियाओं से नहीं गुजरना पड़ेगा। विश्वविद्यालय ने परीक्षा संबंधी सेवाओं को एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराने के लिए ऑनलाइन एग्जामिनेशन मैनेजमेंट सिस्टम विकसित किया है।

इसके तहत मोबाइल ऐप और वेब पोर्टल शुरू किए गए हैं। कुलगुरु प्रो. आर.बी. दुबे ने बुधवार को इनका लोकार्पण किया। नई व्यवस्था शैक्षणिक सत्र 2026-27 से विश्वविद्यालय के सभी संघटक एवं संबद्ध कृषि और सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालयों में लागू होगी।

एक ही प्लेटफॉर्म पर परीक्षा संबंधी सेवाएं

परीक्षा नियंत्रक डॉ. वीएस आचार्य ने बताया कि नई प्रणाली के माध्यम से विद्यार्थी परीक्षा आवेदन करने, परीक्षा शुल्क जमा कराने, प्रवेश पत्र डाउनलोड करने और परिणाम देखने जैसे कार्य ऑनलाइन कर सकेंगे। पुनर्मूल्यांकन के लिए भी मोबाइल ऐप के जरिए आवेदन किया जा सकेगा। इससे विद्यार्थियों को परीक्षा संबंधी कार्यों के लिए बार-बार विश्वविद्यालय या महाविद्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। डॉ. आचार्य ने बताया कि नई व्यवस्था में विद्यार्थियों को बार-बार अपनी जानकारी भरने की आवश्यकता नहीं होगी। परीक्षा प्रक्रिया डिजिटल होने से परिणाम जारी करने में होने वाली अनावश्यक देरी भी कम होगी। विद्यार्थियों को डिजिलॉकर जैसी डिजिटल सुविधाओं का लाभ भी मिल सकेगा। उनके अनुसार प्रदेश में किसी कृषि विश्वविद्यालय की ओर से पहली बार इस तरह की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है।

फॉर्म भरने से लेकर पुनर्मूल्यांकन तक की मिलेगी सुविधा

एसकेआरएयू: अब मोबाइल ऐप और पोर्टल से होंगे विद्यार्थियों के परीक्षा संबंधी सभी कार्य

बीकानेर | स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय (एसकेआरएयू) के विद्यार्थियों को अब परीक्षा संबंधी कार्यों के लिए विश्वविद्यालय व कॉलेजों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। कुलगुरु प्रो. आर. बी. दुबे ने बुधवार को 'ऑनलाइन एग्जामिनेशन मैनेजमेंट सिस्टम (ओएलईएमएस)' के तहत तैयार मोबाइल ऐप और वेब पोर्टल लॉन्च किया।

कुलगुरु प्रो. दुबे ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 से यह व्यवस्था सभी संघटक एवं सम्बद्ध कृषि तथा सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालयों में लागू की जा रही है। इससे परीक्षा प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और समयबद्ध होगी। उन्होंने कार्मिकों से प्रशिक्षण लेकर प्रभावी क्रियान्वयन करने तथा विद्यार्थियों के डाटा व सिस्टम की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। नियंत्रक परीक्षा डॉ. वी.एस. आचार्य ने बताया कि पोर्टल व ऐप के जरिए परीक्षा आवेदन, शुल्क जमा, प्रवेश पत्र डाउनलोड, परिणाम देखने और पुनर्मूल्यांकन के आवेदन की सुविधा मिलेगी। विद्यार्थियों को बार-बार परीक्षा फॉर्म नहीं भरना होगा तथा डिजिलॉकर जैसी डिजिटल सुविधाएं भी मिलेंगी। प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों में मोबाइल ऐप से ऐसी सुविधा देने की यह पहली पहल है। कार्यक्रम में फैकल्टी चेयरमैन कृषि डॉ. विजय प्रकाश, सामुदायिक विज्ञान डॉ. वीर सिंह, डीन डॉ. राजेश वर्मा व निदेशक छात्र कल्याण डॉ. एच.एल. देशवाल मौजूद रहे, जबकि सभी डीन व प्राचार्य ऑनलाइन जुड़े। टीम ने तकनीकी अधिकारियों को प्रशिक्षण भी दिया। सहायक नियंत्रक परीक्षा डॉ. अर्जुन लाल यादव ने आभार जताया।

अब मोबाइल ऐप और पोर्टल के माध्यम से आनलाईन होंगे विद्यार्थियों के परीक्षा संबंधी कार्य

बीकानेर, (निसं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अब परीक्षा फार्म भरने से लेकर, शुल्क जमा करवाने, प्रवेश पत्र डाउनलोड करने तथा परिणाम देखने के लिए ऐप तथा पोर्टल का उपयोग कर सकेंगे। विश्वविद्यालय द्वारा इसके लिए ऑनलाइन एग्जामिनेशन मैनेजमेंट सिस्टम डेवलप किया गया है। इसके तहत विकसित किए गए ऐप तथा वेब पोर्टल को कुलगुरु प्रो. आर. बी. दुबे ने बुधवार को लॉन्च किया। कुलगुरु ने बताया कि इस सिस्टम को वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2026-27 से ही विश्वविद्यालय के सभी संघटक एवं सम्बद्ध कृषि एवं सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए लागू किया जा रहा है। इससे परीक्षा प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी, समयबद्ध एवं प्रभावी बनेगी। डॉ. दुबे ने कहा कि डिजिटल तकनीक का उपयोग विश्वविद्यालय की प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने एवं परीक्षा व्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने सभी संघटक महाविद्यालयों, के कार्मिकों से नई व्यवस्था का प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह सिस्टम विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित रहे इसके लिए अतिरिक्त सतर्कता से कार्य करें।

परीक्षा ने नियंत्रक डॉ वी एस आचार्य ने बताया कि इस प्रणाली में विद्यार्थियों को परीक्षा आवेदन, परीक्षा शुल्क जमा करने, प्रवेश पत्र डाउनलोड करने तथा परीक्षा परिणाम सहित विभिन्न परीक्षा संबंधी कार्य ऑनलाइन करने की सुविधा मिलेगी।